**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–09.05.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- केंद्रीय कृषि मंत्री ने नागरिकों से किसी भी आपात स्तिथि में शांत रहने का किया आग्रह, कहा–देश में अनाज का भरपूर भंडार, सरकार हर परिस्थिति के लिए है तैयार।

- स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के दिये निर्देश, सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां हुई रद्द।

- भारतीय सेना के सम्मान में प्रदेश कांग्रेस ने निकाली तिरंगा यात्रा, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने जवानों को बताया राष्ट्र की ताकत।

- रांची में पांच दिवसीय जनजातीय संगीत–नृत्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार ने सांस्कृतिक रुचि बढ़ाने की बताई आवश्यकता।

- राज्य में फिर बढ़ी गर्मी, मौसम विभाग ने 14 मई तक उत्तर–पूर्वी जिलों में लू का येलो अलर्ट किया जारी।

****************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देश में पर्याप्त खाद्यान्न भंडार उपलब्ध है। श्री चौहान ने नागरिकों से किसी भी आपात स्थिति में शांत रहने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और आगामी फसलों के लिए भी अनुकूल परिस्थितियाँ हैं। नई दिल्ली में आज कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार जम्मू–कश्मीर और पंजाब से चर्चा करके स्थिति के अनुसार बीज और रोपण सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी।

****************

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात को देखते हुए झारखंड सरकार ने सतर्कता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए है। बातचीत में मंत्री ने बताया कि सभी सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड के सभी अस्पतालों को 24 घंटे सेवा में तैयार रहने का आदेश दिया गया है। कंटेनमेंट एरिया को भी फिर से सक्रिय कर दिया गया है।

****************

रांची में भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारे लगाए। यात्रा का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया और कहा कि देश को अपनी सेना पर गर्व है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सीमा पर तैनात सैनिकों को नमन करते हुए उन्हें राष्ट्र की ताकत बताया।

***************

डालटनगंज में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। भाकपा के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह, जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी और चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए कोई नागरिक नुकसान नहीं होने दिया। नेताओं ने इस कार्रवाई को काबिल–ए–तारीफ बताते हुए हर संभव मदद देने का वादा किया।

***************

जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि यदि पूर्ण युद्ध की घोषणा होती है, तो भारतीय सेना को पाक अधिकृत कश्मीर वापस लेना चाहिए और बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग कर देना चाहिए। उन्होंने भारतीय सेना के समर्थन में जयघोष के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए यह बात कही।

***************

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में गरीब परिवारों को रसोई गैस की सुविधा मिल रही है। योजना के लाभार्थी पुटरी मछुआ और मीरा कुमारी ने बताया कि गैस कनेक्शन मिलने से उनकी दिनचर्या सरल हुई है और लकड़ी इकट्ठा करने की परेशानी दूर हुई।

***************

राजधानी रांची में झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा जनजातीय एवं क्षेत्रीय संगीत और नृत्य पर आधारित पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत की गई। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं में क्षेत्रीय कला संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाना है।

कार्यक्रम में पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। पद्मश्री मधु मंसूरी ने अखरा संस्कृति को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता बताई।

***************

धनबाद की लाइफ लाइन कहे जाने वाले बैंक मोड रेलवे ओवरब्रिज की मरम्मत का काम कल से किया जाएगा। इस दौरान किसी भी बड़े मालवाहक वाहन या यात्री बसों का आवागमन इस रास्ते से पूर्णतः बंद रहेगा। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

***************

**कुछ संक्षिप्त खबरें**

- प्रधानमंत्री के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का गिरिडीह में व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है, जिससे जरूरतमंदों को आर्थिक संबल मिल रहा है। कंजरो निवासी महेंद्र यादव और सुग्गासार की शहीदा खातून ने योजना के तहत मिले दो–दो लाख रुपए से अपने संकट के समय बड़ी राहत पाई है।

- रामगढ़ जिले में चितरपुर थाना अंतर्गत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप श्री की अगुवाई में कोटपा 2003 के तहत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान दुकानदारों से आर्थिक दंड वसूला गया और अवैध बैनर हटवाए गए।

- खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में डायन के शक में एक महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीपीओ वरुण रजक ने बताया कि आरोपियों के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार और मोबाइल बरामद किए गए हैं।

- साहिबगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए डीआरएम यतेंद्र कुमार ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सौंदर्यीकरण कार्य पर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को रवींद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा को स्टेशन परिसर के बीच में अच्छे स्थान पर स्थापित करने का आदेश दिया।

****************

राज्य में गर्मी ने फिर से जोर पकड़ लिया है। पलामू में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं राजधानी रांची में छह दिनों में तापमान में पांच डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने कल से 14 मई तक उत्तर–पूर्वी झारखंड में लू को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

****************

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बी.सी.सी.आई ने आईपीएल 2025 के शेष सत्र को एक सप्ताह के लिए तत्काल निलंबित करने की घोषणा की है। यह निर्णय भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव, विशेष रूप से कश्मीर क्षेत्र में हाल ही में सीमा पार बनी स्थिति के बाद आया है। बी.सी.सी.आई ने आज एक बयान में कहा कि संबंधित अधिकारियों और हितधारकों के परामर्श से स्थिति के व्यापक आकलन के बाद संशोधित कार्यक्रम और स्थलों के बारे में जानकारी दी जायेगी।

*******समाप्त********